# राजकीय महाविद्यालय कोटली जिला मण्डी (हि०प्र०)

# द्वितीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह
## 15 फरवरी 2025

### मुख्यातिथि
## श्रीमती सुनीता सिंह
(संयुक्त निदेशक उच्च-शिक्षा हि०प्र०)

**वार्षिक प्रतिवेदन**
**सत्र 2024-25**

प्रस्तुति :-
श्रीमती देविका वैद्य
प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय कोटली

# राजकीय महाविद्यालय कोटली

जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश 175003

## वार्शिक प्रतिवेदन 2024–25

आज के समारोह की मुख्य अतिथि, आदरणीय संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा विभाग हि0प्र0 श्रीमती सुनीता सिंह, अभिभावक–शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण केन्द्रीय छात्र संघ के सदस्य, कोटली क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मीडिया के बन्धुजन व अन्य आमंत्रित अतिथिगण। राजकीय महाविद्यालय के द्वितीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के शुभ अवसर पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करती हूँ।

वार्षिक समारोह किसी भी संस्थान के लिए एक विशिष्ट अवसर होता है, अपनी उपलब्धियों का अवलोकन करने के लिए, अपने मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित व प्रोत्साहित करने के लिए तथा इसकी उन्नति के लिए रूपरेखा निर्धारित करने के लिए। यह हमारा परम सौभाग्य है कि हमारी आज की मुख्य अतिथि, इस महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य के रूप में लगभग 2 वर्ष तक अपनी सेवाएं दे चुकीं हैं और इस महाविद्यालय की मूलभूत संरचना व व्यवस्था में इनका योगदान अविस्मरणीय है। हम आपके आभारी हैं कि आपने अपनी व्यस्तताओं के रहते हमारे विद्यार्थियों को शुभाशीष देने के लिए समय निकाला।

वर्तमान सत्र (2024–25) में उच्च शिक्षा विभाग हि0प्र0 सरकार ने महाविद्यालयों के सतत विकास, संवर्धन व सुधार को सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालयों तथा उनके पुस्तकालयों की आंतरिक स्वमूल्यांकन की प्रक्रिया आरंभ की। अपने सीमित संसाधनों के होते हुए भी महाविद्यालय ने दोनों मूल्यांकन प्रक्रियाओं को समय सीमा में संतोषजनक रूप से पूर्ण किया। पुस्तकालय में LEVEL-1 व महाविद्यालयों के Tier-3 के अंतर्गत हमने 45वाँ स्थान हासिल किया।

## महाविद्यालय (पृश्ठभूमि) :

राजकीय महाविद्यालय कोटली सत्र 2016–17 से, तुँगल क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने में सतत प्रयत्नशील है। यहाँ कला व वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर की शिक्षा सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी से सम्बद्ध पाठ्यक्रम के अनुसार प्रदान की जाती है तथा शिक्षेत्तर गतिविधियाँ सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी, हि0प्र0 विश्वविद्यालय शिमला एवं उच्च शिक्षा विभाग हि0प्र0 सरकार के आदेशानुसार क्रियान्वित की जाती है।

## कर्मचारी वर्ग :

वर्तमान में महाविद्यालय में कुल 16 कर्मचारी कार्यरत हैं जिनमें प्राचार्य के अतिरिक्त 8 प्राध्यापक, 3 गैर शिक्षक कर्मचारी व 4 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं। कार्यालय में दो लिपिक, एक तबला वादक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद रिक्त है।

**स्थानांतरण** :— इस सत्र में महाविद्यालय में निम्नलिखित कर्मचारी स्थानांतरित हुए।

| क्रम0 संख्या | कर्मचारी का नाम | पद | स्थानांतरण का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सिंकदर पाल | लिपिक | रा0व0मा0वि0 साईगलू |
| 2 | श्रीमती डोगरी देवी | सेवादार | पी0एम0श्री रा0व0मा0वि0 कोटली |

**विषेश** :— श्री सिंकदर पाल लिपिक से वरिष्ट सहायक के पद पर पदोन्नत हुए।

**कार्यग्रहण** :—

| क्रम0 संख्या | कर्मचारी का नाम | पद | जहाँ से स्थानांतरण होकर आए |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती देविका वैद्य | प्राचार्य | वल्लभ महाविद्यालय मण्डी |

**विषेश** :— प्राचार्य पद पर पदोन्नति पर प्रथम नियुक्ति।

**नियुक्तियाँ** :— इस सत्र में महाविद्यालय में प्राचार्य के रिक्त पद पर 30 दिसम्बर 2024 को नियमित प्राचार्य की नियुक्ति हुई।

**सेवानिवृत्ति** :— इस सत्र में महाविद्यालय में एक सेवानिवृत्ति हुई।

| क्रम0 संख्या | कर्मचारी का नाम | पद | विशेष |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ0 पूनम शर्मा | प्राचार्य | सेवानिवृत्ति (30 अप्रैल 2024) |

**रिक्तियाँ** :— महाविद्यालय के लिए कुल स्वीकृत 20 पदों से 4 पद रिक्त हैं जिनका ब्यौरा इस प्रकार है —

| क्रम0 संख्या | वर्ग | पद नाम | रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | गैर शिक्षक | लिपिक | 2 |
| 2 | गैर शिक्षक | तबला वादक | 1 |
| 3 | गैर शिक्षक | सेवादार | 1 |

## छात्र संख्या :

वर्तमान समय में महाविद्यालय में 87 छात्र अध्ययनरत हैं जिनका ब्यौरा निम्नलिखित है :—

| Enrolment Stream | Class wise/ streem wise enrolment | General | | SC | | ST | | OBC | | Total A(3+5+7+9) | Total B (4+6+8+10) | G Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | Total |
| Arts | B.A 1st Year | 3 | 12 | 3 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 22 | 28 |
| | BA 2nd Year | 4 | 11 | 1 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 18 | 23 |
| | BA3rd Year | 3 | 10 | 4 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 21 | 28 |
| | **Total** | **10** | **33** | **8** | **28** | **0** | **0** | **0** | **0** | **18** | **61** | **79** |
| Commerce | B.Com1st | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 3 | 5 |
| | B.Com 2nd | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| | B.Com 3rd | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | **Total** | **3** | **4** | **0** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **3** | **5** | **8** |
| | **G.Total** | **13** | **37** | **8** | **29** | **0** | **0** | **0** | **0** | **21** | **66** | **87** |

## परीक्षा परिणाम :

किसी भी शिक्षण संस्थान को गुणवत्ता वहाँ के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय का गत वर्ष के परिणाम निम्नलिखित हैं :–

| कक्षा | कुल विद्यार्थी | उत्तीर्ण | परिणाम |
|---|---|---|---|
| बी0ए0 तृतीय वर्ष | 25 | 25 | 100% |
| बी0ए0 द्वितीय वर्ष | 27 | 21 | 75% |
| बी0ए0 प्रथम वर्ष | 26 | 14 | 55% |
| बी0कॉम तृतीय वर्ष | 0 | 0 | 0 |
| बी0कॉम द्वितीय वर्ष | 1 | 1 | 100% |
| बी0कॉम प्रथम वर्ष | 3 | 1 | 33.3% |

## केंद्रीय छात्र संघ (सी0एस0सी0ए0) :

सरदार पटेल विश्वविद्यालय की अधिसूचना व निर्देशानुसार अकादमिक वरीयता के आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ के संविधान के अनुरूप सत्र 2024–25 के लिए महाविद्यालय की केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके पदाधिकारी निम्नलिखित हैः–

| क्र0सं0 | पद | नाम | कक्षा | अनुक्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधान | पलक | बी0ए0 तृतीय वर्ष | A22-21 |
| 2 | उप–प्रधान | प्रेरणा ठाकुर | बी0कॉम0 तृतीय वर्ष | C22-01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | सचिव | दीपा देवी | बी0ए0 प्रथम वर्ष | A24-14 |
| 4 | सह सचिव | प्रेरणा ठाकुर | बी0कॉम0 प्रथम वर्ष | C24-03 |

## पुस्तकालय :

महाविद्यालय का अपना भवन न होने पर भी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी मूलभूत 501 पुस्तकों, 05 पत्र–पत्रिकाओं व 03 समाचार पत्रों सहित 20 छात्रों के बैठने की व्यवस्था सहित एक पुस्तकालय है। इस सत्र (2024–25) में पुस्तकालय के लिए 1,25,240 रूपये की पुस्तकें खरींदी गई तथा पुस्तकालय ग्रेडिंग में Level-1 के मानकों में महाविद्यालय के पुस्तकालय का आकलन हुआ है।

## मध्यावधि परीक्षाएँ :–

सी०बी०सी०एस० प्रणाली के अंर्तगत विद्यार्थियों के सतत मूल्यांकन के लिए वार्षिक सत्र में मध्यावधि परीक्षाएँ आयोजित की जाती है। इस वर्ष महाविद्यालय में दिसम्बर माह में 13 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक मध्यावधि परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

## पी0टी0ए0 :–

दिनांक 24 सितम्बर 2024 को सत्र 2024–25 के लिए पी0टी0ए0 का गठन किया गया जिसकी कार्यकारिणी के सदस्य इस प्रकार है :–

| क्र0सं0 | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री तुलसी दास |
| 2. | उप–प्रधान | श्रीमती लीला देवी |
| 3. | सचिव | प्रो0 सोनू ठाकुर |
| 4. | कोषाध्यक्ष | प्रो0 सौरभ ठाकुर |

5. कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती जयवंती देवी, श्री मनोहर लाल, डॉ0 राकेश कुमार, श्री उमेश कुमार व श्री घनश्याम

वर्तमान सत्र में पी0टी0ए0 की जमा राशि का विवरण :–

| | | |
|---|---|---|
| पिछले सत्र की शेष राशि | – | 215723 |
| वर्तमान सत्र में एकत्रित राशि | – | 49336 |
| सत्र के दौरान व्यय | – | 3000 |
| शेष राशि | – | 262059 |

## पूर्वछात्र संघ : (OSA) GDC Kotli

महाविद्यालय में पूर्वछात्र संघ का गठन किया गया है जिसमें वर्ष में एक बार सामान्य सभा का आयोजन किया

जाता है।

## छात्रवृत्तियाँ :

हिमाचल प्रदेश व केन्द्र सरकार विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। जिसके लिए विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते है। सत्र 2024–25 में विभिन्न छात्रवृत्तियों के लिए 11 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया।

## रेड रिबन क्लब :

i) इस क्लब के प्रभारी डॉ0 राकेश कुमार है। दिनांक 23–07–2024 को राजकीय महाविद्यालय कोटली के रेड रिवन क्लब के सदस्यों ने एक दिवसीय ओरिंएटेशन कार्यक्रम में भाग लिया गया जो कि जोनल अस्पताल मण्डी में आयोजित हुआ। जिसमे प्रभारी एवम् 03 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ii) 03 अगस्त 2024 से 02 दिसम्बर 2024 तक रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवायी गयी। जिसमें नशा मुक्ति जागरूकता रैली, HIV/AIDS के ऊपर नुक्कड़ नाटक, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर मण्डी महाविद्यालय में 05 विद्यार्थियों ने मैराथन प्रतियोगिता में भाग लिया, नशा मुक्ति दिवस पर नारा लेखन व चित्रकला, श्री मेघ सिंह ठाकुर द्वारा HIV/AIDS के ऊपर जागरूकता संदेश देना, चलचित्र (Films) के माध्यम से बच्चों को AIDS के बारे में जानकारी देना एवं 02 दिसम्बर 2024 को एड्स दिवस के ऊपर Face Painting, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन तथा मानव श्रृंखला संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :

महोदया, महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना ½ (unit) ईकाई का भी गठन किया गया है। इस इकाई में 50 विद्यार्थी पंजीकृत हैं, जिसके कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेश कुमार (इतिहास) है। ईकाई द्वारा इस सत्र में 07 दैनिक गतिविधियों व सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन (30 जनवरी 2025 से 05 फरवरी 2025) तक महाविद्यालय परिसर में किया गया। शिविर में स्वयंसेवियों के द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य सबंधी जागरूता गतिविधियों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने नागरिक अस्पताल कोटली परिसर की सफाई की। साथ ही सड़क सुरक्षा पर एक रैली निकाली गई तथा पिछले दो सालों में पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधो की देखरेख की गई। इस विशेष शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा दो पाठशालाओं डण्ढाल और सैण के परिसर का सौन्दर्यीकरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा वहाँ की स्थानीय जनता और बच्चों को जागरूक किया। इसी सत्र में महाविद्यालय की दो स्वयंसेवियों, पलक तथा यामिनी जो कि स्नातक तृतीय वर्ष की छात्राएं है ने MLSM महाविद्यालय सुन्दरनगर में Pre R.D. Selection Camp में भाग लिया। इसमें यामिनी का चयन राज्य स्तरीय Pre

R.D. Selection शिविर में हुआ।

## रोड सेफ्टी क्लब (सड़क सुरक्षा क्लब) :

इस क्लब के प्रभारी प्रोफेसर सोनू ठाकुर व सह प्रभारी प्रोफेसर सौरभ ठाकुर है।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 'मेरा भारत सुरक्षित भारत' की मुहिम को रैली पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों से जन–जन तक पहुँचाया गया।

दिनांक 24–09–2024 को राजकीय महाविद्यालय कोटली के सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों के रूप में पंजीकृत किया गया और इसी सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम पर सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा की शपथ दिलाई गयी। सड़क सुरक्षा से संबद्ध प्रमुख नारा– ''सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा'' दिया गया है। 24–09–2024 से लेकर 19 फरवरी 2025 तक 'सड़क सुरक्षा क्लब' द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ की गयी। जिसमें नारा लेखन, पोस्टर मेंकिग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं करवायी गयी व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के लिए कोटली पुलिस थाना से रिसोर्स पर्सन को बुलाया गया था।

## निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ :–

इस क्लब के प्रभारी प्रो0 मनोहर लाल जी है। महाविद्यालय में 07 सितम्बर 2024 से लेकर 22 नवम्बर 2024 तक विद्यार्थियों को करियर से संबधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। जिसमें 07–09–2024 को प्रकोष्ठ समन्वयक मनोहर लाल व सदस्य सौरभ ठाकुर ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। 24–10–2024 को राजकीय महाविद्यालय मण्डी के पत्रकारिता विभाग के प्रो0 चमन लाल ने विद्यार्थियों को भारतीय थल एवं वायु सेना में सुनहरे भविष्य व अवसर के बारे में अवगत करवाया तथा 22–11–2024 को मैरीटाइम संस्थान धर्मशाला द्वारा विद्यार्थियों को मर्चेन्ट नेवी में करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

## शिक्षेत्तर गतिविधियाँ :–

1) सत्र के प्रारंभ में दिनांक 22 जुलाई 2024 को नये विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया।

2) नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत NSS और RRC के द्वारा 03 अगस्त 2024 को जागरूकता रैली निकाली गई।

3) 12 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय डिजिटल लाईब्रेरी के उपयोग की जानकारी देने के लिए ओरियन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया इसमें छात्रों का पंजीकरण किया गया तथा 24–08–24 को NDLI क्लब का जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

4) दिनांक 31–08–2024 को महाविद्यालय के सभी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी व OTR के माध्यम से आवेदन करने की नई प्रक्रिया सत्र का आयोजन किया गया।

5) **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के अंतर्गत 03 सितम्बर 2024 को कोटली क्षेत्र में 50 पौधों का रोपण किया गया।

6) सितम्बर माह में शिक्षक दिवस (5 सितम्बर) व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से राज्य स्तरीय राजभाषा हिन्दी प्रतियोगिता 13 और 14 सितम्बर 2024 को शिमला में आयोजित हुई। जिसमें प्रो0 सोनू ठाकुर के नेतृत्व में तीन छात्राओं ने भाग लिया।

7) राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, कुल्लू में 27–09–2024 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रांस कन्ट्री अंतर महाविद्यालय 10 किलोमिटर दौड़ प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 04 बच्चों ने भाग लिया।

8) अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप–1 प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय स्नातक महाविद्यालय बिलासपुर में दिनांक 14 से 16 अक्तूबर 2024 को हुआ। जिसमें राजकीय महाविद्यालय कोटली के 07 विद्यार्थियों ने प्रो० राकेश कुमार के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

9) 11 अक्तूबर 2024 को अंर्तराष्ट्रीय कन्या शिशु दिवस (देई उत्सव) के समारोह में महाविद्यालय के छात्रों ने संस्कृति सदन मण्डी में भाग लिया व पुरस्कार प्राप्त किया।

10) 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस मनाया गया।

11) दिनांक 03–12–2024 को महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा इस सप्ताह में Fit India अभियान की अनेक गतिविधियाँ की गई।

12) CSCA का प्रथम वार्षिक उत्सव **'उमंग'** 26 दिसम्बर 2024 को मनाया गया।

## प्राध्यापकों की विशिष्ट उपलब्धियां :–

1. डॉ0 नवीन कुमार (वाणिज्य संकाय) ने 03 जनवरी 2025 से 09 जनवरी 2025 तक एक साप्ताहिक Short Term course (Gender Studies and sensitization) की कार्यशाला में भाग लिया।

2. प्रो0 मनोहर लाल (राजनीतिक शास्त्र) ने 14 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 तक दो साप्ताहिक Interdisciplinary refresher course (टीचिंग एण्ड लर्निंग इन सोशल सांइस) (Teaching & learning in social sciences) की कार्यशाला में भाग लिया। जोकि MMTTC पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवाया गया।

3. डॉ0 राकेश कुमार (संगीत) : ने 14 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 दो साप्ताहिक

Interdisciplinany refresher course (Teaching and learning in social sciences) की कार्यशाला में भाग लिया जोकि MMTTC पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवाया गयी।

4. प्रो0 सुरेश कुमार (इतिहास) : ने 13 दिसम्बर 2024 से 27 दिसबर 2024 तक दो साप्ताहिक refresher course in Hinstory की कार्यशाला में भाग लिया। जो कि MMTTC कुमांऊ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित करवायी गयी तथा 03 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक एक साप्ताहिक NEP orientation programme की कार्यशाला में भाग लिया।

5. सहायक पुस्तकालयध्यक्ष श्रीमती कविता मल्होत्रा ने 02 जून 2024 को RFID Technology in Library पर एक webinar में भाग लिया। इन्होंने 31–8–2024 व 01–09–24 को 2 दिवसीय ऑनलाइन Institutional Repository Training Programme में भाग लिया।

महोदया,

इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने सत्र 2024–25 की विभिन्न गतिविधियों का विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत किया है जिसमें महाविद्यालय और महाविद्यालय के पुस्तकालय का आंतरिक मूल्यांकन प्रमुख रूप से सम्मिलित है। ये सभी उपलब्धियाँ महाविद्यालय में तैनात कर्मठ और परिश्रमी कर्मचारियों के प्रयासों से ही सम्भव हो पायी है।

मैं, कोटली उपमंडल में तैनात विभिन्न विभागों जैसे स्थानीय पी0एम0 श्री रा0व0मा0विद्यालय की प्राचार्य, प्रभारी लोक निर्माण विभाग, प्रभारी जल शक्ति विभाग, प्रभारी पुलिस चौकी, प्रभारी रेंज ऑफिसर वन विभाग, बी.डी.सी. सदस्य, नगर पंचायत, पंचायत प्रधान व सदस्यगण, कॉलेज पीटीए की कार्यकारिणी, ओएसए के सदस्य, अभिभावक व अन्य सभी गण–मान्य अतिथियों का समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए व समय–समय पर यथोचित सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती हूँ।

यह महाविद्यालय जो सदर विधानसभा के दूरवत्ती ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की उपलब्धता को सुनिश्चित करता है। अगर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में 10+2 स्तर पर पढ़ाए जाने वाले विषयों को भी इस महाविद्यालय में शुरू किया जाए तो स्थीनय विद्यार्थियों को अपने सपने साकार करने के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। अतएव मैं महोदया के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के समक्ष यह माँग करती हूँ कि

1. इस महाविद्यालय में, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा व गणित जैसे विषय भी शुरू किए जाए।

2. महाविद्यालय के आधारभूत न्यूनतम पुस्तकालय का स्तर बढ़ाने के लिए उपयुक्त Library software व

Infrastructure की उपलब्धता हेतु धन राशि स्वीकृत की जाए।

3. महाविद्यालय के परीक्षा हाल के फर्नीचर हेतु जो अनुशंसा महाविद्यालय से निदेशालय को प्रस्तावित की गई है उस पर स्वीकृति दिलवानें की कृपा करें।

अंत में मैं, सभी पुरस्कार विजेताओं को हार्दिक बधाई देती हूँ तथा अन्य विद्यार्थियों को स्पर्धा की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

धन्यवाद।

विनीत
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कोटली
मण्डी हिमाचल प्रदेश–175003
फोन नं0 : 01905–281805

# जय हिन्द।।